LATEST

# NEWS

## Election

**Date : 13th Oct. 2025**

## Office of Chief Electoral Officer, Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

**दैनिक भास्कर**

बारां, सोमवार, 13.10.2025

दैनिक भास्कर बारां 13-10-2025

# खेड़ी श्यामपुरा में ढोल बजाकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

## ग्रामीणों ने रोड निर्माण नहीं होने पर दी मतदान के बहिष्कार की चेतावनी




भास्कर न्यूज | बारां

खेड़ी श्यामपुरा में रोड निर्माण की मांग को लेकर रविवार को पांचवे दिन ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बरसात के मौसम में कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खेड़ी श्यामपुरा में सड़क निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों का मतदान बहिष्कार पांचवें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने ढोल बजाकर जनप्रतिनिधि और प्रशासन को आवाज सुनाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने समस्याओं के समाधान नहीं होने पर ढोल बजाकर नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने बताया कि सांगोद रोड से बोरीना तक चार किमी सड़क आजादी के बाद से सिर्फ एक बार 20 साल पहले ही बना है। उसके बाद क्षतिग्रस्त रोड का पुर्ननिर्माण नहीं हो रहा है। वोट बहिष्कार की चेतावनी के बाद तहसीलदार समझाईश के लिए गांव में पहुंचे थे। इसके बाद जेसीबी से गड्ढे भरे गए हैं। गड्ढो में गिट्टी डाली है, जिससे वाहन फिसल रहे हैं। दो जने दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोड नहीं बनने तक मतदान का बहिष्कार करेंगे। गांव में 400 से अधिक वोटर है।

**दैनिक भास्कर**
बारां, सोमवार, 13.10.2025

दैनिक भास्कर बारां 13-10-2025

# कलेक्टर व एसपी ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण, चुनावी तैयारियों पर की चर्चा

## अंता विधानसभा में होना है उपचुनाव, मतदान केंद्रों की स्थिति और सुरक्षा की ली जानकारी, दिए निर्देश

भास्कर न्यूज़ | बोहत

अंता-मांगरोल विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर रविवार को कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर एवं एसपी अभिषेक अंडासु ने कस्बे में स्थित महात्मा गांधी स्कूल व भटवाड़ा में बनाए गए संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपचुनाव में मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए डीएपी खाद की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली तथा किसानों को एनपीके खाद का उपयोग बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अंता डीएसपी सोजीलाल मीणा, मांगरोल एसडीएम सौरभ भांबू, तहसीलदार बृजेश सिहरा, बीडीओ सुरेश गोडा, बीएलओ, राजस्व कर्मी एवं अन्य विभागीय अधिकारी, ग्राम पंचायत सरपंच बाबूलाल चंदेल, ग्राम विकास अधिकारी पिंकी कश्यप, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष जगदीश सिंह, उपसरपंच भंवर सिंह, विक्रम चौधरी, लोकेश गुर्जर, हरिओम गौतम, रोहित जाट, राजेश मालव सहित कई किसान मौजूद थे।



बोहत. कस्बे में पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर और एसपी।

### कोयला में लिया जायजा

कोयला | अंता-मांगरोल विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर और एसपी अभिषेक अंडासु ने कस्बे में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर तोमर ने बीएलओ को मतदान केंद्रों पर मोबाइल रखने के लिए काउंटर लगाने, मतदान के दौरान सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर तोमर ने ग्रामीणों से गांव की जानकारी ली। उप सरपंच धीरज सिंह चौहान ने बताया कि बीते वर्षों ने कस्बे में शांतिपूर्ण मतदान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण गोविंद लोधा, गोविंद रायका, वार्ड पंच रविंद्र सुमन सहित जिला स्तर के कई अधिकारी मौजूद थे।

# राजस्थान पत्रिका

बारां, सोमवार, 13.10.2025


**मांगरोल क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण**

## मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का लिया जायजा


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**बारां.** आगामी अंता विधानसभा उपचुनाव-2025 के तहत 11 नवम्बर को होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने मांगरोल क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोयला, बोहत, भटवाड़ा मऊ, बमोरी कलां सहित आसपास के अन्य मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दलों की आवाजाही, विद्युत एवं संचार व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया।



**बारां.** मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते कलक्टर और एसपी। पत्रिका

जिला निर्वाचन अधिकारी तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, रैम्प, प्रकाश, छाया तथा साफ-सफाई जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर एसडीएम विश्वजीत सिंह, एसडीएम हवाई सिंह यादव, तहसीलदार, बीएलओ तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर मतदान केंद्रों की लोकेशन, सुरक्षा घेरा एवं पहुंच मार्ग का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव के दौरान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर आमजन से भी संवाद किया और उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की।

हाड़ौती संचार ब्यूरो
मांगरोल, सोमवार, 13.10.2025

## अंता विधानसभा उपचुनाव 2025

# जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया मांगरोल क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण





मांगरोल, 12 अक्टूबर (हाड़ौती संचार ब्यूरो)।

आगामी अंता विधानसभा उपचुनाव के तहत 11 नवम्बर को होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने मांगरोल क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोयला, भटवाड़ा मऊ, बमोरी कला सहित आसपास के अन्य मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दलों की आवाजाही, विद्युत एवं संचार व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, रैम्प, प्रकाश, छाया तथा साफ-सफाई जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसडीएम विश्वजीत सिंह, एसडीएम हवाई सिंह यादव, तहसीलदार, बीएलओ तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर मतदान केंद्रों की लोकेशन, सुरक्षा घेरा एवं पहुंच मार्ग का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव के दौरान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर आमजन से भी संवाद किया और उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की।